आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.07.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के तीसरे चरण में अर्जेंटीना पहुंचे– राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को लेकर होगी बैठक।
- भारतीय मानक ब्यूरो ने उपभोक्ताओं से बी आई एस–प्रमाणित हेलमेट इस्तेमाल करने की अपील की है।
- जिला मजिस्ट्रेट ने पटवारियों को शैक्षणिक संस्थानों के चारदीवारी से सौ मीटर गज की दूरी पर एक पीली रेखा चिह्नित कराने का निर्देश दिया है।
- द्वीपों में मुहर्रम सात जुलाई को मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो की सफल यात्रा के बाद पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण के लिए अर्जेन्टीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा सहयोग के नए रास्ते खोलने के लिए अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ बैठक करेंगे। राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ द्विपक्षीय वार्ता में महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर मुख्य रूप से चर्चा होने की संभावना है। अर्जेंटीना के बाद प्रधानमंत्री ब्राजील की राजकीय यात्रा पर ब्राजीलिया जाएंगे। श्री मोदी छह जुलाई को रियो डि जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अर्जेन्टीना में भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत कथक, भरतनाट्यम और ओडिसी की विशेष शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति के साथ किया।

<><><><><><><>

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो –बीआईएस ने देश भर के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल बी आई एस–प्रमाणित हेलमेट ही इस्तेमाल करें। इसके अलावा, विभाग ने बी आई एस प्रमाणन के बिना हेलमेट के निर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

भारतीय सड़कों पर इक्कीस करोड़ से ज़्यादा दुपहिया वाहन हैं, इसलिए सवारी की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। मोटर वाहन अधिनियम, उन्नीस सौ अट्ठासी के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता गुणवत्ता पर निर्भर करती है। घटिया हेलमेट सुरक्षा से समझौता करते हैं और सुरक्षा देने के अपने उद्देश्य में विफल रहते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, दो हजार इक्कीस से एक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू किया गया है, जिसके तहत सभी दुपहिया सवारों के लिए बीआईएस मानकों के तहत प्रमाणित आईएसआई–चिह्नित हेलमेट पहनना अनिवार्य है। जून दो हजार पच्चीस तक, पूरे भारत में एक सौ छियहत्तर निर्माताओं के पास सुरक्षात्मक हेलमेट के लिए वैध बी आई एस लाइसेंस हैं। विभाग ने पाया है कि सड़क किनारे बिकने वाले कई हेलमेट में अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन नहीं है, जिससे उपभोक्ताओं को बहुत ज़्यादा जोखिम होता है और सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु हो जाती है। इसलिए, इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की तत्काल आवश्यकता है।

<><><><><><><>

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की नीतियां दो हजार सैंतालीस तक देश को चार खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था से बत्तीस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार हैं। श्री गोयल ने बेंगलुरू में आज आयोजित आई आई टी मद्रास के 'संगम दो हजार पच्चीस' वैश्विक नवाचार और पूर्व छात्र शिखर सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने विश्व में पांचवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को पहले ही स्थापित कर दिया है। भारत दो हजार अट्ठाईस तक तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में एक है। श्री गोयल ने कहा कि सरकार की नीतियां और कार्यक्रम भारत को भविष्य के लिए इस प्रकार तैयार कर रहे हैं जिसमें भारत प्रौद्योगिकी को अपनाकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कम्प्युटिंग और अन्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में नेतृत्व करेगा। नवाचार को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए श्री गोयल ने कहा कि गहन प्रौद्योगिकी का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए पिछले बजट में दस हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकी को समर्थन देने के लिए अतिरिक्त दस हजार करोड़ रुपए मंजूर किए गए है।

<><><><><><><>

शिक्षा उप निदेशक द्वारा भेजे गए पत्र का संज्ञान लेते हुए दक्षिण अंडमान के जिला मजिस्ट्रेट ने सभी क्षेत्रीय पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तम्बाकू उत्पाद अधिनियम –दो हजार तीन के प्रावधानों के अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों के चारदीवारी या बाड़ से सौ मीटर गज की दूरी पर एक पीली रेखा चिह्नित कराएं, जो स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए, कि कोई भी तम्बाकू बेचने वाली दुकान इस पीली रेखा का उल्लंघन ना कर रही हो। यदि कोई इन नियमों का उल्लंघन करता हुए मिले, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तम्बाकू मुक्त वातावरण बनाने का सख्ती से पालन किया जाए।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा से प्राप्त सूचना के अनुसार तेईस जून को आयोजित हुई अंग्रेजी–IV पेपर कोड शीर्षक के लिए आयोजित परीक्षा रद्द कर दी गई है। यह परीक्षा अगले सप्ताह फिर से कराई जाएगी। जल्द ही तिथि और समय की सूचना दे दी जाएगी। इस सम्बन्ध में परीक्षा शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में मुहर्रम अब सात जुलाई को मनाया जाएगा। इससे पहले यह त्यौहार 6 जुलाई को मनाया जाना था, लेकिन प्रशासन ने जानकारी दी है कि द्वीपों में चाँद दिखने के आधार पर तिथि में परिवर्तन किया गया है ।

<><><><><><><>

द्वीपों में दूध उत्पादन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा पशु सुधार कार्यक्रम शुरू किया। भैंसों की आबादी की आनुवंशिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आनुवंशिक रूप से सिद्ध मुर्रा को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुर्रा भैंसें अपनी उच्च्च दूध उत्पादन क्षमता के लिए जानी जाती हैं। मुर्रा भैंसें द्वीप की जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल हैं और विविध जलवायु में अच्छी तरह पनपती हैं। वे अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए जानी जाती हैं और इसलिए उनका पालन–पोषण लागत प्रभावी होता है।

किसान बढ़ी हुई दूध उत्पादन क्षमता वाली भैंस के बछड़े प्राप्त कर सकते हैं। पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग, सभी भैंस मालिकों से अपने झुंड की उत्पादकता में सुधार के लिए लाभ उठाने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

ग्यारह जुलाई को जी एस एस एस मॉडल स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सरकारी और निजी स्कूल भाग ले सकते हैं। इस संबंध में सभी इच्छुक प्रतिभागियों, अभिभावकों और संस्थान प्रमुखों से अनुरोध है कि वे प्रतिभागियों के नाम दस जुलाई से पहले अपने संस्थान प्रमुख के माध्यम से भेजें। अधिक जानकारी के लिए सहायक पर्यवेक्षक–खेल से सम्पर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारत मौसम विज्ञान विभाग, कोलकाता ने अगले सात दिनों के लिए मौसम की चेतावनी जारी करते हुए सूचना दी है कि एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ दस से चालीस किमी प्रति घंटा के साथ तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। रविवार को भी मौसम की यही स्थिति रहने का अनुमान है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर तेज हवा तीस से चालीस किमी प्रति घंटे के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ने और बिजली गिरने की संभावना है।

<><><><><><><>

सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से बचाने के लिए राजस्व विभाग ने बिडनाबाद और टुसनाबाद गांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। हाल ही में एक अभियान के तहत बिडनाबाद गांव में सरकारी राजस्व भूमि पर अस्थायी टिन्ड संरचनाओं और अनधिकृत बाड़ के रूप में नए अतिक्रमण को हटाया गया। लगभग छः हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को उसकी मूल स्थिति में बहाल कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, टुसनाबाद गांव की सड़क के पास एक पार्किंग शेड का अवैध निर्माण किया गया था, जिससे सार्वजनिक बसों की आवाजाही बाधित हो रही थी। इस ढांचे को तुरंत हटा दिया गया, जिससे पचास वर्ग मीटर अतिक्रमित भूमि को फिर से प्राप्त किया गया।

अतिक्रमण हटने से यातायात फिर सही स्थिति में बहाल हो गया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा न केवल अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ़ बल्कि ऐसी अवैध गतिविधियों में सहायता करने या उन्हें बढ़ावा देने वालों के खिलाफ़ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**<><><><><><><>**